>

Title : Need to construct an anicut at Muktidham near Abu Road in Rajasthan to address the problem of shortage of water in the region.

श्री देवजी एम. पटेल (जालौर): सभापति महोदय, मैं जो सबसे ज्यादा किल्लत पानी की है, उसके बारे में सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। मेरे संसदीय क्षेत्र जालौर-सिरोही के अन्दर सिरोही में बनास नदी है, जो सबसे बड़ी है। उसके अन्तर्गत आबूरोड और पिंडवाड़ा तहसील का काफी बड़ा क्षेत्र आता है, जो कि एक पिछड़ा क्षेत्र है, जिसमें गरासिया और भील आदिवासी जाति के लोग रहते हैं। आबूरोड से 35 किलोमीटर पहले धनारी गांव में इस नदी पर एक बांध बना हुआ है। आबूरोड होते हुए गुजरात सीमा के लगभग 50 किलोमीटर तक इस नदी पर कोई बांध या एनिकट नहीं है, जिसकी वजह से इस बांध के बाद में इस नदी का बहने वाला 1.5 लाख क्यूसेक्स पानी व्यर्थ में बहकर गुजरात राज्य में चला जाता है। दातीवाड़ाबाद की ओर जाने के बाद में हमारे यहां पर पानी की बहुत बड़ी किल्लत रहती है।

कुछ वर्ष पहले यह नदी लगातार बहती थी, जिसके कारण इसके किनारे जो गांव बसे हुए हैं, उनमें यह नदी ही जल के लिए एकमात्र स्रोत थी, जो आज एकदम खत्म हो चुकी है। मैं सरकार से यह मांग करना चाहूंगा कि आबूरोड, जिसकी जनसंख्या लगभग एक लाख है, इस नदी के किनारे पर बसा हुआ है और राजस्थान गुजरात का सीमा क्षेत्र है।...(व्यवधान)

एक मिनट। मुझे पूरा करने दीजिए। मैं सुबह से बैठा हूं। मैं यह मांग करना चाहता हूं कि इसके लिए हमने बहुत सारे आवेदन दिये हैं। तहसीलदार ने भी वहां से लिखकर भेजा है। अगर मात्र 3.5 करोड़ रुपये मिल जाते तो उससे एक एनिकट बन जाता, लेकिन राज्य सरकार वापस वही राग अलापती है कि हमारे पास पैसा नहीं है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध कर रहा हूं कि मात्र 3.5 करोड़ रुपये का विशेष पैकेज देकर यह बांध बनाने में हमारी मदद करे, ताकि वहां हमारी समस्या का समाधान हो सके।